(b) whether it is also a fact that a large number of such plant products are available and known and some of them are being marketed by many Indian manufacturers throughout the country claimed to be effective against various diseases;

(c) whether Government will ensure that each of these preparations is fully tested under controlled conditions; and

(d) whether this work will be assigned and distributed to various medical colleges who will be responsible for plant product grown and manufactured in their areas/States?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MOTI LAL VORA): (a) to (d) The requisite information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

515. [*Transferred to the 24th November, 1988*].

लारेंस रोड, नई दिल्ली में एक नए सी.जी.एच.एस. औषधालय का खोला जाना

516. **डा. गोविंद दास चिछारिया :** क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लारेंस रोड दिल्ली में रहने वाले लगभग दो हजार सरकारी कर्मचारी जो केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना औषधालय अशोक विहार से संबंधित हैं ; अपने लिए एक अलग औषधालय खोले जाने की मांग करते रहे हैं जिसका समर्थन क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी और केन्द्रीय सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने भी किया है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण के लिए अशोक विहार औषधालय का विभाजन करके लारेंस रोड के लिए एक पृथक औषधालय खोले जाने के प्रस्ताव को सरकार द्वारा कब तक स्वीकृति प्रदान कर दिए जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री मोतीलाल वोरा) : (क) और (ख) चूंकि कोई नया औषधालय खोलने के लिए लारेंस रोड में लाभार्थियों की संख्या निर्धारित मानदंडों से काफी कम है, इसलिए लारेंस रोड के लिए अलग औषधालय खोलना आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य नहीं है। तथापि, लारेंस रोड के लाभार्थी निकट स्थित अशोक विहार औषधालय से चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं ।

केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के औषधालयों में दवाइयों की कम मात्रा में पूर्ति

517. **डा. गोविंद दास चिछारिया :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के औषधालयों में दवाइयों की कमी रहती है और पिछले दिनों इसकी अनेक शिकायतें मिली हैं; और

(ख) क्या यह भी सच है कि अशोक विहार औषधालय और कुछ अन्य औषधालयों में बुखार की साधारण दवाइयां भी दो महीने तक उपलब्ध नहीं थीं तथा इनमें अन्य आवश्यक दवाइयों का भी अभाव रहा , यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्री (श्री मोतीलाल वोरा) : (क) और (ख) अशोक विहार स्थित केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय के साथ-साथ केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालयों में औषधों की कम सप्लाई/अनुपलब्धता के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ज्वर और आन्त्रशोथ आदि के रोगियों में अकस्मात वृद्धि हो जाने के कारण कुछेक औषधों की अधिक खपत होने से यह कमी हुई थी । इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को औषधों की अस्थायी कमी के कारण तकलीफ न हो, ये औषधें मैडिकल स्टोर/

संगठनों/सुपर बाजार से मंगवाई गई थी । केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों को बिना भुगतान किए सुपर बाजार से औषधें प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया था ।

Vacancies in various categories in the All India Institute of Medical Sciences, New Delhi

513. SHRI BHAGATRAM MANHAR: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a good number of vacancies in the categories of Nursing, Orderly, Cook Mate, Masalchi, Bearer etc. have been lying vacant in All India Institute of Medical Sciences, New Delhi since long;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what are the reasons for not considering lists sponsored by the Employment Exchanges for the eligible candidates in the said categories till date and upto which specific date selection formalities of the eligible candidates will be completed?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MOTI LAL VORA): (a) and (b) Yes, there have been a few vacancies in these categories. The present position of these vacancies, category-wise is as follows:—

Categories	Sanctioned Strength	In Position	Vacant Posts
Nursing Orderly	649	555	94
Cooks	35	30	5
Cook-mates	20	17	3
Masalchi	22	16	6
Bearer	17	69	2
TOTAL	797	687	110

(c) Question of not considering the lists of candidates sponsored by the Employment Exchange does not arise. The candidates sponsored by the Employment Exchange are duly considered and those fulfilling job requirements are called for interview. The final result of selection is intimated to the Employment Exchange.

लोक सभा तथा विभिन्न राज्य विधान सभाओं के रिक्त स्थान

509. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में लोक सभा और विभिन्न राज्य विधान सभाओं के रिक्त निर्वाचन क्षेत्रों के नामों सहित उनकी कुल संख्या कितनी है ; और

(ख) इन स्थानों के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम क्या है और ये स्थान कब तक भर दिये जाने की संभावना है ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) तारीख 11 नवम्बर, 1988 को लोक सभा में 12 स्थान रिक्त है और विभिन्न विधान सभाओं में 38 स्थान रिक्त हैं । इसका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)